हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

29 अगस्त 2025, समय 1810

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी ने कहा है कि भारत और अफ्रीका मिल कर ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे है जो समावेशी समृद्धि से पोषित है।

3. केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांड़विया ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर नई दिल्ली में देश के पहले मोंडो ट्रैक का उद्धघाटन किया।

4. हॉकी के दिग्गज मेजर धयान चंद की जयंती पर हॉकी इंडिया ने एथेलेटिक केंद्रित ई सुधारो की श्रृंखला जारी की।

5. पंचकुला के मोरनी क्षेत्र के पलासरा गाँव में बादल फटने की आशंका - गाँव को भारी नुकसान हुआ।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जापान की प्रौद्योगिकी और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की टेक क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं। टोक्यो में जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जापान टेक्नॉलोजी का और भारत प्रतिभा का पावर हाऊस है।

*जापान "टेक पावरहाउस" है और भारत एक "टैलेंट पावर हाउस" है। भारत ने ए. आई., सेमीकन्डक्टर, क्वांटम कम्प्यूटिंग, बायोटैक और स्पेस में बोल्ड और एम्बिशियस इनिशिएटिव्स लिए हैं। जापान की टेक्नोलॉजी और भारत का टैलेंट मिलकर इस सदी के टेक रिवोल्युशन का नेतृत्व कर सकते हैं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र के बाद भारत, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के दरवाजे निजी क्षेत्र के लिए खोल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत निवेश के सबसे भरोसेमंद बाजार के रूप में विकसित हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा- जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भारत में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता तथा नीतियों में पारदर्शिता है।

*आज भारत विश्व की सबसे तेज ग्रो करने वाली मैजर इकोनॉमी है और बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनोमी बनने जा रहा है। वैश्विक ग्रोथ में भारत 18 परसेन्ट योगदान दे रहा है। भारत की कैपिटल मार्केट्स में अच्छे रिटर्न मिल रहे हैं। एक मजबूत बैंकिंग सेक्टर भी है। लॉ इंफ्लेशन और लॉ रेट्स और लॉ इंटरेस्ट रेट करीब 700 बिलियन डॉलर के फोरेक्स रिजर्व हैं।*

-------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल साउथ की भूमिका पर बल दे रहे हैं और विकासशील देशों की आवाज़ को मजबूती से उठा रहे हैं। आज जब पूरी दुनिया "ग्लोबल साउथ" की ओर देख रही है इसमें सामूहिक विकास के लिए सहयोग और साझेदारी की ज़रूरत है।

मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली में भारतीय उद्योग संघ द्वारा आयोजित 20वें इंडिया—अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ की एकता से ही वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव है। उनकी इसी सोच पर भारत और अफ्रीका मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, जो आपसी विश्वास एवं सहयोग पर आधारित है जोकि प्रौद्योगिकी और समावेशी समृद्धि से पोषित है। भारत-अफ्रीका के संबंध केवल व्यापार से ही नहीं जुड़े हैं, बल्कि इन दोनों देशों का रिश्ता ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है।

-------------------------------------------------------------------------------------------

आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह दिवस स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद जी के जीवन से प्रेरणा लेने का दिवस है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लोगों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने दिग्गज हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

-------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम  में देश के पहले मोंडो ट्रैक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने ट्रैक पर एक दौड़ में भाग भी लिया। यह देश का पहला मोंडो ट्रैक है।

------------------------------------------------------------------------------------------

पलवल जिला खेल विभाग के तत्वाधान में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय सहकारिता मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया।

इस अवसर पर होडल से विधायक हरेंद्र कुमार,पूर्व विधायक दीपक मंगला व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

------------------------------------------------------------------------------------------

हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हॉकी इंडिया ने भविष्योन्मुखी, एथलीट-केंद्रित ई-सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की है। प्रमुख पहलों में खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र जारी करना, पंजीकरण और सत्यापन प्रक्रियाओं को सरल बनाना शामिल है। ये पहचान पत्र हॉकी इंडिया सदस्य इकाई पोर्टल से सीधे डाउनलोड किए जा सकते हैं। हॉकी इंडिया ने डिजिलॉकर को भी पूरी तरह से एकीकृत कर दिया है, जिससे एथलीट हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अपने सभी प्रमाणपत्रों तक पहुँच सकते हैं, जिनमें पिछले पांच वर्षों के प्रमाणपत्र भी शामिल हैं।  एक अन्य प्रमुख प्रगति एथलीट प्रबंधन प्रणाली है - एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, जो खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नज़र रखने, टूर्नामेंट डेटा का प्रबंधन करने और सभी आयु वर्गों में एथलीट विकास की निगरानी के लिए जारी किया गया है। तकनीकी सुधारों के अलावा, हॉकी इंडिया ने सदस्य इकाई पोर्टल का विस्तार जिला-स्तरीय अनुपालन तक भी किया है। एथलीट कल्याण पर अपने ध्यान को और मजबूत करते हुए, हॉकी इंडिया ने वर्तमान में बेरोजगार राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को 2 लाख रुपये के अनुदान की घोषणा की है।

------------------------------------------------------------------------------------------

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन व खेल विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर विशेष लड़के लड़कियों की हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।मुख्य अतिथि केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है और हरियाणा लगातार खेल उपलब्धियों में देश का नाम रोशन कर रहा है। विशिष्ट अतिथि हरियाणा सरकार के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद खेल प्रतिभाओं की धरती है। सरकार खिलाड़ियों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध करा रही है और खेलों को कैरियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए हर संभव प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

पंचकूला के मोरनी स्थित प्लासरा गांव में बादल फटने की आशंका है। गांव वासियों का कहना है कि बादल की गर्जना की तेज आवाज के साथ एक साथ बारिश का बहुत सारा पानी गिरा, जिससे काफी नुकसान हुआ।

-----------------------------------------------------------------------------------------------